राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़
Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 /1244/ 2023/10 दिनांकः–06 अप्रैल, 2023

अनुस्मारक–3 / अतिआवश्यक / समयबद्ध

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबंधक,
एस0एस0 बी0एड0 कालेज,
मानपुर कला, खैर, अलीगढ।

विषयः–बी0एड0 2023–25 हेतु सूचना उपलब्ध कराया जाना।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या आर0एम0पी0यू0 / 1118 / 2023 दिनांक 21.03.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अपेक्षा की गयी थी कि बी0एड0 सत्र 2023–25 की प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु वांछित अभिलेख दिनांक 28.03.2023 तक विश्वविद्यालय में जमा करें दें।

उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त संदर्भित पत्र दिनांक 21.03.2023 के पूर्व दिनांक 25.01.2023 एवं 03.03.2023 द्वारा भी आपको पत्र प्रेषित कर निर्देशित किया गया था कि वांछित अभिलेख निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें, परन्तु अत्यंत खेद का विषय है कि आपके द्वारा विश्वविद्यालय में मांगे गये अभिलेखों की पूर्ति अभी तक नहीं की गयी है। यह विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये निर्देशों का उल्लंघन है।

पुनः अंतिम रूप से निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व प्रेषित पत्र दिनांक 21.03.2023 (प्रति संलग्न) में **अंकित प्रपत्र दिनांक 17 अप्रैल, 2023 तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें**, अन्यथा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा (2)(8) के अन्तर्गत कार्यवाही किया जाना विश्वविद्यालय की बाध्यता होगी।

संलग्नकः यथोपरि।

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–

1. कुलपति, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़।
3. गार्ड फाइल।

सहायक कुलसचिव